दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक




RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 01 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 180

## अंतराष्ट्रीय

### बांग्लादेश में सड़कों पर संघर्ष, बीएनपी के दो गुट भिड़े, अंतरिम सरकार के सूचना सलाहकार के पिता घायल

**ढाका ।** बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण सलाहकार महफूज आलम के पिता पर उनके गांव, लक्ष्मीपुर के रामगंज उपजिला में हमला हुआ। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) समर्थक दो इकाइयों के बीच गुटीय संघर्ष के दौरान कथित तौर पर यह घटना घटी। परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि शुक्कुर अली ने सलाहकार के पिता अजीज़ुर रहमान बच्चू पर हमले का नेतृत्व किया। रहमान इच्छापुर यूनियन में बीएनपी यूनिट के संगठन सचिव के रूप में भी काम कर रहे हैं। शुक्कुर अली बीएनपी की स्टूडेंट विंग 'छात्र दल' के पूर्व नेता और स्वेच्छा सेवक दल यूनियन इकाई के अध्यक्ष पद के संभावित उम्मीदवार है। रहमान ईंटों से वार किया गया। उनके के हाथ में चोटें आईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। इस घटना में उनका एक रिश्तेदार भी घायल हो गया। प्रमुख बांग्लादेशी दैनिक 'प्रथम आलो' से बात करते हुए सलाहकार मफूज आलम के बड़े भाई महबूब आलम ने कहा कि झड़प तब हुई जब बीएनपी नेताओं और कार्यकर्ताओं के दो अलग-अलग ग्रुप मेहदी हसन को रविवार शाम को क्षेत्र में लौटते समय हिरासत में लेने रवाना हुए। हसन प्रतिबंधित अवामी लीग की छात्र शाखा बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) की जिला इकाई के अध्यक्ष हैं। एक समय ऐसा आया जब बीसीएल नेता के बारे में अंतिम फैसले को लेकर दोनों समूहों के बीच कहासुनी हो गई और दोनों पक्षों के बीच हाथापाई शुरू हो गई।

### क्षिण सूडान : गहराते संकट के बीच, सभी पक्षों से शान्ति बनाए रखने की अपील

**दक्षिण सूडान ।** दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने देश में बढ़ती हिंसा और प्रथम उप राष्ट्रपति रिएक मचार को हिरासत में लिए जाने की ख़बरों के बीच सभी पक्षों से संयम बरतने और शान्ति समझौते को बनाए रखने की अपील की है. यूएन मिशन ने कहा है कि टकराव को तुरन्त टालना होगा और दक्षिण सूडान के लोगों की भलाई के लिए बातचीत फिर शुरू की जानी होगी. हरूढ़्ढस्स् प्रमुख निकोलस हेसम ने बुधवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि दक्षिण सूडान के नेता बड़े पैमाने पर हिंसक टकराव की ओर वापिस लौटने या फिर उसे 2018 में हुए समझौते की भावना के अनुरूप उसे शान्ति, पुनर्बहाली और लोकतंत्र की दिशा में आगे ले जाने के कगार पर खड़े हैं.निकोलस हेसम, दक्षिण सूडान के लिए यूएन महासचिव के विशेष प्रतिनिधि भी हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि इस समझौते में किया गया कोई भी एकतरफा संशोधन पिछले सात सालों में हुई प्रगति को उलट सकता है और इसमें दक्षिण सूडान को फिर से युद्ध में धकेले जाने का जोखिम भी है. उन्होंने कहा, इससे न केवल दक्षिण सूडान तबाह हो जाएगा, बल्कि पूरा क्षेत्र प्रभावित होगा.दक्षिण सूडान ने वर्ष 2011 में सूडान से स्वाधीनता हासिल की थी, मगर उसके बाद से यह टकराव और अस्थिरता से जूझता रहा है.

### 'मैं पुतिन से नाराज हूं' ट्रंप ने रूस पर 25प्रतिशत टैरिफ लगाने की दी धमकी; भारत पर पड़ेगा ये असर

वाशिंगटन । राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से नाराज हैं। ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर पुतिन यूक्रेन के साथ युद्ध खत्म करने पर सहयोग नहीं देते हैं तो वे रूसी तेल पर अतिरिक्त टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप ने कहा कि जब पुतिन ने जेलेंस्की की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना शुरू किया तो मैं बहुत नाराज हुआ, क्योंकि यह सही दिशा में नहीं हो रहा था। एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि रूस यूक्रेन में नया नेतृत्व चाहता है। मगर नए नेतृत्व का मतलब यह है कि आप लंबे समय तक कोई समझौता नहीं कर पाएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने धमकी दी है कि समझौता नहीं होने पर रूस पर द्वितीयक टैरिफ लगाई जा सकती है। ट्रंप ने कहा कि अगर रूस और मैं यूक्रेन में रक्तपात रोकने के लिए कोई समझौता करने में असमर्थ हैं। अगर मुझे लगता है कि यह रूस की गलती की वजह से हुआ है तो मैं रूस से आने वाले सभी तेल पर द्वितीयक टैरिफ लगाऊंगा। जब उनसे पूछा गया कि अगर रूस ने सही काम किया तो क्या आप पुतिन से बात करेंगे? ट्रंप ने हां में जवाब दिया। ट्रंप ने बताया कि पुतिन को पता कि मैं नाराज हूं। 25 फीसदी टैरिफ का एलान किसी भी वक्त हो सकता है।

# उत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक धूमधाम से मनाई जा रही ईद, सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम

**नई दिल्ली ।** आरएनएस

देशभर में आज ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही लोग नए कपड़ों में सजे-धजे ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने नमाज अदा की और एक-दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम देखने को मिले। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो।

दिल्ली के इंद्रलोक इलाके में नॉर्थ जिले की पुलिस ड्रोन के जरिए नजर रख रही है। ईदगाह और मस्जिदों के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। नमाज के बाद लोग खुशी-खुशी एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दे रहे हैं। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से लेकर सभी दलों के प्रमुख नेताओं ने देशवासियों को ईद को प्रेम और भाईचारे का प्रतीक बताया और अपील की कि लोग मिल-जुलकर इसका जश्न मनाएं।



इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के मौलाना खालिद राशिद फिरंगी ने भी देशवासियों को ईद की मुबारकबाद दी।

उन्होंने कहा, आज पूरा देश ईद-उल-फितर मना रहा है। मैं सभी को दिल से बधाई देता हूं। सुबह से लोग ईदगाह की ओर जा रहे हैं। मेरी गुजारिश है कि लखनऊ के इस्लामिक सेंटर की ईद एडवाइजरी का पालन करें। नमाज से पहले गरीबों में फितरा बांट दें, ताकि वे भी खुशियों में शामिल हों।

उन्होंने आगे कहा, ईद का दिन रोजेदारों के लिए अल्लाह का इनाम है। अपनी और परिवार की दुआ के साथ देश की तरक्की और हिफाजत के लिए भी दुआ करें।

उत्तर प्रदेश के संभल की शाही जामा मस्जिद में सुबह 9:30 बजे नमाज हुई। यह मस्जिद पहले विवादों में रही है, इसलिए पुलिस और प्रशासन अलर्ट था। भारी पुलिस बल तैनात किया गया। नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के खुर्जा में ईदगाह पर नमाज के लिए भारी भीड़ जुटी। एडीएम, एसपी देहात और पीएसी के साथ पुलिस तैनात रही। ड्रोन से निगरानी हुई। प्रशासन ने शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

मुजफ्फरनगर में ईद की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हुई। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और एसएसपी अभिषेक सिंह मौके पर मौजूद रहे। जिले को 8 जोन और 21 सेक्टरों में बांटा गया। सांसद हरेंद्र मलिक ने नमाजियों को बधाई दी। एसएसपी ने कहा, ईद सकुशल संपन्न हुई। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे।

वहीं, मुंबई के कल्याण में रमजान ईद बड़े उत्साह से मनाई गई। दुर्गाडी किला के ईदगाह पर हजारों लोगों ने नमाज अदा की। लोगों ने गले मिलकर शुभकामनाएँ दीं। शहर में कड़ी पुलिस व्यवस्था रही।

एआईएमआईएम नेता वारिस पठान ने कहा, सभी को ईद की बधाई। हमने सडक़ पर नमाज पढ़ी और देश-दुनिया की शांति के लिए दुआ की। पुलिस का शुक्रिया, जिन्होंने अच्छे इंतजाम किए। उन्होंने मुंबई पुलिस के डीसीपी दत्तात्रेय कांबले से गले मिलकर मुबारकबाद दी।

तमिलनाडु के नागपट्टिनम जिले के नागोर बीच पर तमिलनाडु तौहीद जमात ने विशेष नमाज का आयोजन किया। हजारों लोगों ने हिस्सा लिया और नमाज के बाद गले मिलकर बधाई दी। त्रिची के तेन्नुर में उझावर संधाई मैदान में भी बड़ी संख्या में लोग जुटे। यहां भी एकता और भाईचारे का माहौल रहा।

चेन्नई के मायलापुर स्थित जुम्मा मस्जिद में खास नमाज़ अदा की गई। तमिलनाडु के मुख्य काजी ने बताया कि कल चांद दिखाई दिया, जिसके बाद आज से रमज़ान शुरू हो गया। इस ऐलान के बाद लोग मायलापुर की जुम्मा मस्जिद में जमा हुए और नमाज पढ़ी। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी।

बिहार की राजधानी पटना के दानापुर में सैनिक बारीक ग्राउंड पर ईद की नमाज हुई। हजारों नमाजियों ने अल्लाह से अमन और तरक्की की दुआ मांगी। तो अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह में विशेष नमाज अदा की गई। शाहजहानी मस्जिद में नमाजियों की भीड़ रही। देश में अमन और भाईचारे की दुआ मांगी गई।

## नोएडा में तेज रफ्तार का कहर, कार चालक ने फुटपाथ पर बैठे दो श्रमिकों को मारी टक्कर

**नोएडा ।** आरएनएस

उत्तर प्रदेश के नोएडा में रविवार को एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। थाना सेक्टर 126 इलाके में एक तेज रफ्तार लैंबोर्गिनी कार ने फुटपाथ पर बैठे दो श्रमिकों को जोरदार टक्कर मार दी। यह हादसा थाना सेक्टर 126 इलाके के सेक्टर 94 स्थित एम3एम प्रोजेक्ट के पास हुआ। दोनों पीड़ित श्रमिक बुरी तरह से घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार को भी अपने कब्जे में ले लिया और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, आरोपी चालक कार बेचने और खरीदने का काम करता है।

इससे पहले, शुक्रवार रात गौतमबुद्ध नगर के बादलपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सडक़ हादसा हुआ था, जिसमें एक रोडवेज बस ने चार लोगों को टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य घायल हो गए थे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बस को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, थाना बादलपुर क्षेत्र के अंतर्गत जीटी रोड पर ग्राम डेरी मच्छा के सामने दादरी की ओर जा रहे चार लोगों को एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। चारों व्यक्ति अपने कामकाज से अपनी ठेली लेकर वापस लौट रहे थे। बताया गया था कि ड्राइवर काफी लापरवाही और तेजी से बस चलाते हुए सामने से आ रहा था, जिसने इन सभी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर रूप से घायल दो व्यक्तियों, गौरव और निखिल, ने दम तोड़ दिया। दोनों बुलंदशहर जिले के खानपुर गांव के रहने वाले थे। वहीं, रचित और मनीष को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

हादसे की जानकारी मिलते ही थाना बादलपुर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर लिया और आरोपी चालक राजेश को गिरफ्तार कर लिया था।

## यूपी के बदायूं में महिला की हत्या करके शव दफनाया, तीन आरोपी गिरफ्तार, कबूला जुर्म

**बदायूं ।** आरएनएस

उत्तर प्रदेश के बदायूं में एक प्रेमी ने महिला की हत्या कर शव को दफना दिया। वह किसी बहाने से महिला को अपने साथ जंगल ले गया, जहां पर उसने अपने तीनों साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी और शव को दफना दिया।

मामले में तीनों अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में हैं। वहीं, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया।

अपर पुलिस अधीक्षक अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि थाना सिविल लाइंस



पर नूर हसन नामक एक व्यक्ति ने 28 फरवरी को तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि उनकी भांजी मुस्कान का अपहरण हो गया है। उस संबंध में थाना सिविल लाइंस में एक मुकदमा दर्ज हो गया था।

उन्होंने आगे बताया कि इस पूरे प्रकरण में रिजवान नामक एक व्यक्ति को नामित किया गया था। इस प्रकरण में जब विवेचना और पूछताछ की गई तो पता चला कि रिजवान ने ही अपने दो साथियों राधेश्याम और राम औतार की मदद से महिला को जंगल में ले जाकर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को दफना दिया था।

जब अभियुक्तों से पूछताछ की गई तो उनकी निशानदेही पर घटनास्थल से शव को बरामद किया गया। सभी साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं। रिमांड के लिए अभियुक्तों को न्यायालय ले जाया गया है।

रिजवान ने बताया कि महिला उसके साथ थी। दोनों के संबंध थे। महिला का एक बच्चा भी था। जिसकी परवरिश के लिए वह 10 हजार रुपए देता था। महिला की डिमांड 40 हजार रुपए की थी। इस कारण दोनों के बीच झगड़े भी होते थे। वह इस बात से नाराज था और उसने अपने साथियों की मदद से महिला की हत्या कर दी।

परिजनों की तहरीर में रिजवान आरोपित है। इस मामले में पुलिस सक्रिय थी और उसने रिजवान से पूछताछ के बाद अन्य दो अभियुक्तों को भी पकड़ लिया। मामले की जांच जारी है और आरोपियों से आगे पूछताछ की जा रही है।

## महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा को फिल्म ऑफर करने वाले डायरेक्टर अरेस्ट, रेप केस में हुई गिरफ्तारी

**मुंबई ।** आरएनएस

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा को अपनी फिल्म में लेने का ऐलान करने वाले डायरेक्टर सनोज मिश्रा को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी रेप के एक मामले में हुई है। दिल्ली हाई कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद दिल्ली के नबी करीम थाना पुलिस ने उन्हें पकड़ा है। सनोज मिश्रा पर आरोप है कि उन्होंने हीरोइन बनने की चाह रखने वाली एक युवती के साथ कई बार बलात्कार किया।

पीड़िता के अनुसार, उनकी मुलाकात सनोज मिश्रा से साल 2020 में टिकटॉक और इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। उस समय वह झांसी में रहती थीं। कुछ समय तक दोनों के बीच बातचीत चलती



रही, जिसके बाद डायरेक्टर ने 17 जून 2021 को उन्हें फोन करके झांसी रेलवे स्टेशन पर आने को कहा। जब पीड़िता ने सामाजिक दबाव का हवाला देते हुए मिलने से इनकार कर दिया, तो आरोपी सनोज मिश्रा ने आत्महत्या करने की धमकी दी। डर के कारण पीड़िता उनसे मिलने चली गईं। अगले दिन, 18 जून 2021 को आरोपी ने फिर फोन किया और आत्महत्या की धमकी देकर उन्हें रेलवे स्टेशन पर बुलाया।

आरोप है कि वहां से आरोपी उन्हें एक रिसॉर्ट में ले गया और नशीला पदार्थ खिलाकर उनके साथ बलात्कार किया। पीड़िता ने अपनी एफआईआर में बताया कि आरोपी ने उनकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बना लिए थे और धमकी दी थी कि अगर उन्होंने विरोध किया तो वह उन्हें सार्वजनिक कर देगा। इसके बाद, आरोपी ने शादी का झांसा देकर कई बार अलग-अलग जगहों पर बुलाकर उनके साथ शारीरिक संबंध बनाए। साथ ही, उन्हें फिल्मों में काम दिलाने का लालच भी दिया।

गौरतलब है कि हाल ही में खबरें आई थीं कि महाकुंभ में मनके बेचकर सोशल मीडिया पर मशहूर हुई मोनालिसा को डायरेक्टर सनोज मिश्रा अपनी अगली फिल्म 'दि डायरी ऑफ 2025' में लेने वाले हैं। यह भी बताया गया था कि सनोज मिश्रा मोनालिसा को एक्टिंग की ट्रेनिंग दे रहे थे और उन्हें कई जगहों पर अपने साथ ले जा रहे थे। मोनालिसा को हाल ही में सनोज मिश्रा के साथ हवाई यात्रा करते हुए भी देखा गया था, जिसके बाद कई लोगों ने आरोप लगाया था कि सनोज मिश्रा मोनालिसा का फायदा उठाना चाह रहे हैं। इन आरोपों पर सनोज मिश्रा ने सफाई भी दी थी और कहा था कि वह मोनालिसा और उनके गरीब परिवार की मदद करना चाहते हैं।

## फ्लाइओवर से नीचे आ गिरा ऑयल टैंकर, कैमरे में खौफनाक मंजर कैद

**पालघर ।** आरएनएस

महाराष्ट्र के पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद एक्सप्रेसवे पर रविवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। यहां फ्लाईओवर से अचानक केरोसिन से भरा एक टैंकर नीचे गिर गया और उसमें आग लग गई। यह पूरी घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो भी सामने आया है।

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक ऑयल टैंकर ऊपर बने फ्लाईओवर से नीचे सडक़ पर गिरता है। टैंकर के गिरते ही उसमें भरा केरोसिन सडक़ पर फैल जाता है और कुछ ही देर में टैंकर भीषण आग की चपेट में आ जाता है। गनीमत यह रही कि टैंकर को नीचे गिरते हुए लोगों ने देख लिया, जिससे वे तुरंत अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकले।



यह घटना रविवार शाम करीब 5 बजे पालघर के मनोर में मसान नाका के व्यस्त चौराहे पर हुई। बताया जा रहा है कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण टैंकर सर्विस रोड पर जा गिरा। इस हादसे में टैंकर चालक और उसमें सवार एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और हादसे की जांच शुरू कर दी। इस दुर्घटना के कारण एक्सप्रेसवे पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा।

## यात्रियों से भरी बस पलटने से 7 लोगों की दर्दनाक मौत, 11 अस्पताल में भर्ती

**क्विटो**

दक्षिण-पश्चिमी इक्वाडोर के तटीय प्रांत गुआयास में एक अंतरप्रांतीय बस के पलटने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी।



गुआयाकिल अग्निशमन विभाग ने सडक़ के किनारे पलटी हुई बस की तस्वीरें पोस्ट करते हुए कहा कि यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह चार बजे (0900 जीएमटी) एल कोंसुएलो जिले के पास गुआयाकिल-प्लायास राजमार्ग पर हुई। विभाग ने आपातकालीन स्थिति से निपटने तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए छह एम्बुलेंस, दो बचाव इकाइयां तथा दो लड़ाकू इकाइयां भेजीं।

अधिकारियों ने अभी तक यह नहीं बताया है कि दुर्घटना का कारण क्या हो सकता है। अधिकारियों के अनुसार, इक्वाडोर में यातायात दुर्घटनाएं मृत्यु का एक प्रमुख कारण हैं, मुख्य रूप से तेज़ गति और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण।

## खत्म होगा 70 साल का इंतजार, कटरा से श्रीनगर तक चलेगी पहली ट्रेन; 19 अप्रैल की पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

**नई दिल्ली ।** आरएनएस

कश्मीर को रेलमार्ग से देश के बाकी हिस्सों से जोडऩे का सपना जल्द ही पूरा होने जा रहा है। पीएम मोदी 19 अप्रैल को कटरा से श्रीनगर तक चलने वाली पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस बात की पुष्टि की है। कश्मीर को देश के अन्य भागों से जोडऩे के लिए 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक परियोजना का काम पूरा होने के बाद कश्मीर को यह सौगात मिलने जा रही है।




जम्मू-कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत कटरा से होगी, क्योंकि फिलहाल जम्मू रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण किया जा रहा है। इस रेलवे लिंक परियोजना को पिछले महीने पूरा कर लिया गया था। कटरा-बारामूला मार्ग पर ट्रेन के परीक्षण सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने इस साल जनवरी में कटरा और कश्मीर के बीच ट्रेन सेवा को मंजूरी दी थी।

वंदे भारत एक्सप्रेस के शुरू होने से जम्मू और श्रीनगर के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। कई दशकों से कश्मीर के लिए सीधी रेल सेवा की मांग की जा रही थी, जिसे इस ट्रेन के शुरू होने से पूरा किया जाएगा। वर्तमान में, कश्मीर घाटी में केवल संगलदान से बारामूला तक ट्रेन सेवा उपलब्ध है, जबकि कटरा से देश के अन्य हिस्सों के लिए ट्रेनें चलती हैं।

कश्मीर को रेल मार्ग से जोडऩे की यह महत्वाकांक्षी परियोजना 1997 में शुरू हुई थी। इस परियोजना में कुल 38 सुरंगें हैं, जिनकी लंबाई 119 किमी है। इनमें भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग 12.75 किमी लंबी टनल ञ्ज-49 भी शामिल है। इसके अलावा, 927 पुल बनाए गए हैं, जिनकी कुल लंबाई 13 किमी है। इनमें सबसे खास है चिनाब पुल, जो 1,315 मीटर लंबा है और इसका आर्च स्पैन 467 मीटर का है। यह पुल नदी तल से 359 मीटर ऊंचा है, यानी एफिल टॉवर से भी 35 मीटर ऊंचा। यह दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च रेलवे पुल है।